सप्तऋषि मंडल

(बिग-डिपर)

फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली

चित्र: मौली कॉक्स

सप्तऋषि मंडल

(बिग-डिपर)

फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली

चित्र: मौली कॉक्स

सप्तऋषि मंडल

(बिग-डिपर)

मुझे रात में बाहर जाना पसंद है.

तब बाहर शांत और अंधेरा होता है.

रात में मैं तारे देख सकता हूँ.

कुछ रातों में तारे बहुत चमकीले होते हैं. वे बहुत करीब दिखाई देते हैं. ऐसा लगता है कि मैं उन्हें लगभग छू सकता हूँ. पर मुझे पता है कि मैं उन्हें छू नहीं पाऊँगा. वे मुझसे बहुत दूर हैं.

मेरे पिता और मैं तारों को निहारते हैं. हम उन्हें गर्मियों और सर्दियों में देखते हैं. तारे, हमेशा एक जैसे नहीं दिखते हैं. गर्मियों में, यह कुछ तारे हैं जिन्हें मैं देख सकता हूँ.



सर्दियों में मैं इन तारों को देखता हूँ.

लेकिन कुछ तारे ऐसे भी हैं जिन्हें मैं गर्मियों और सर्दियों दोनों में देख सकता हूँ. अगर आसमान साफ हो तो सप्तऋषि मंडल (बिग-डिपर) को लगभग हर रात देख सकता हूँ.

बहुत पहले लोग डिपर (एक प्रकार के हैंडल वाले कटोरे) से
पानी पीते थे. आसमान में डिपर, पानी के डिपर जैसा दिखता है.
इसका हैंडल मुड़ा हुआ होता है और उसमें एक कटोरा होता है.



डिपर के हैंडल में तीन तारे हैं, और उसके कटोरे में चार तारे हैं.

मैं डिपर को खोजने के लिए कम्पास का उपयोग करता हूँ. कम्पास उत्तर दिशा की ओर इशारा करता है. मैं अपने हाथ में कम्पास पकड़ता हूँ. फिर मैं उस दिशा में देखता हूँ जिस ओर कम्पास की सुई इशारा करती है.

मैं सप्तऋषि मंडल (बिग-डिपर) को गर्मियों और सर्दियों में भी देख सकता हूँ. गर्मियों की रातों में बिग-डिपर इस तरह दिखता है.

सर्दियों की रातों में वो इस तरह दिखता है.

पतझड़ की रातों में बिग-डिपर इस तरह दिखता है.
वो आसमान में नीचे होता है. कभी-कभी वो इतना नीचे
होता है कि आप उसका केवल एक हिस्सा ही देख पाते हैं.



अलकाइड
Alkaid

मिज़ार
Mizar

एलिओथ
Alioth

मेग्रेज़
Megrez

दुभे
Dubhe

फेकडा
Phecda

मेरक
Merak

ये बिग-डिपर में सात तारों के नाम हैं. कटोरे के अंत में स्थित दो तारों को पॉइंटर तारे कहा जाता है. वे पोलारिस, यानि ध्रुव तारे की ओर इशारा करते हैं.

जब आप आकाश में बिग-डिपर को देखें, तो कटोरे के अंत वाले तारे से दूसरे तारे तक एक बिंदीदार रेखा जाने की कल्पना करें. कल्पना करें कि वो बिंदीदार रेखा, ध्रुव तारे तक जाती हो.



ध्रुव तारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण तारा है.
नाविक और अन्य यात्री उसका उपयोग अपना
रास्ता खोजने में मदद के लिए करते हैं.

जब नाविक, ध्रुव तारे की ओर जाते हैं,
तो वे उत्तर की ओर जा रहे होते हैं.

यदि नाविक, ध्रुव तारे से दूर जाते हैं,
तो वे दक्षिण की ओर जा रहे होते हैं.

पश्चिम की ओर जाने के लिए,
नाविक ध्रुव तारे को अपने दाईं ओर रखते हैं.

पूर्व की ओर जाने के लिए, वे ध्रुव तारे को अपनी
बाईं ओर रखते हैं.



एक लिटिल-डिपर भी है. ध्रुव तारा, लिटिल-डिपर के हैंडल का पहला तारा है. लिटिल-डिपर में भी सात तारे हैं. जब भी मैं बिग-डिपर को देखता हूँ, तो मैं लिटिल-डिपर को आसानी से ढूँढ़ सकता हूँ.

जब आकाश साफ और अंधेरा हो, तो बाहर जाकर सप्तऋषि मंडल की तलाश करें. उत्तर की ओर देखें. वहाँ आपको सप्तऋषि मंडल, ध्रुव तारा और लिटिल-डिपर दिखाई देंगे.

बहुत पहले लोगों को उनकी कल्पना के अनुसार बिग-डिपर एक बड़े भालू का हिस्सा लगता था. उन्होंने इसे उर्सा मेजर कहा: उर्सा का मतलब भालू और मेजर का मतलब बड़ा होता है. उनकी कल्पना के अनुसार डिपर का हैंडल, भालू की पूंछ थी. तीन जोड़ी सितारे भालू के पंजे थे. एक चमकीला सितारा उसकी नाक थी.





कभी-कभी मुझे लगता है कि मैं भालू की पूंछ देख सकता हूँ. मैं अपनी
कल्पनाशक्ति को कुछ खींचकर उसका सिर, नाक और चार पैर भी देख सकता हूँ.



बहुत पहले लोगों ने सोचा था कि लिटिल-डिपर एक छोटे भालू का हिस्सा था. चूँकि माइनर का मतलब छोटा होता है, इसलिए उन्होंने इसे उर्सा माइनर कहा; छोटा भालू.

मैं बहुत कल्पना करने की कोशिश करता हूँ फिर भी मैं छोटे भालू को नहीं देख पाता हूँ. शायद आप देख पाएं.

किसी रात जब शांति और अंधेरा हो, तो किसी दोस्त के साथ रात में बाहर जाएँ. उसे दिखाएँ कि सप्तऋषि मंडल (बिग-डिपर), लिटिल-डिपर और ध्रुव तारे को कैसे ढूँढ़ा जाता है.



अगर आपका मित्र अपनी कल्पना से बड़े भालू को देख पाता है. फिर वो शायद छोटे भालू को भी देख पाएगा!